The question is:

"That this House agrees with the Eighty-seventh Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 28th April, 1966, subject to the modification that the Constitution (Amendment) Bill by Shri Hari Vishnu Kamath appearing at item 4 of paragraph 4 of the Report be referred back to the Committee."

*The motion was adopted.*

**Mr. Deputy-Speaker:** Bill for introduction—Shri Yashpal Singh is not present.

---

**15·38 hrs.**

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL—*contd.*

(*Amendment of articles 75 and 164*), 1966 *by Shri Hari Vishnu Kamath*

**Mr. Deputy-Speaker:** Further consideration of the following motion moved by Shri Hari Vishnu Kamath on the 1st April, 1966:—

"That the Bill further to amend the Constitution of India, be taken into consideration",

along with amendments.

**श्री मधु लिमये** (मुंगेर) : उपाध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक है मेरा सुझाव है कि आधा घंटा समय और बढ़ा दिया जाय।

**Mr. Deputy-Speaker:** It has already been extended once.

**श्री मधु लिमये** : उस से क्या होता है ? इस के महत्व को देखते हुए कि इतने लोगों ने इस से दिलचस्पी ली है और अभी भी अनेकों सदस्य इस पर बोलना चाह रहे हैं यह उपयुक्त होगा कि इसका समय आध घंटे के लिए और बढ़ा दिया जाए।

**Shri Hari Vishnu Kamath** (Hoshangabad): Because some more hon. Members want to speak.

**Mr. Deputy-Speaker:** I do not think there is any justification.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** It may be put to the House.

**Mr. Deputy-Speaker:** Those who are in favour of further extension by half an hour may say 'Aye'.

**Several hon. Members:** 'Aye'.

**Mr. Deputy-Speaker:** Those who are against may say 'No'.

**Some hon. Members:** 'No'.

**Mr. Deputy-Speaker:** The 'Ayes' have it; the 'Ayes' have it. The time is extended by half an hour.

**Shri P. R. Chakraverti** (Dhanbad): As I had on an earlier occasion mentioned, when Mr. Kamath brings forward a proposal, I have to think seriously before I agree with him lest I should be led astray by his eloquence and magnetic personality. Here is a Bill where I am prompted to lend my support.

I feel as a student of history that all over the world this upper house, the concept of the upper house, has a historical origin. It started 3,000 years earlier, and with the development of the political institutions in the world, it has taken different shapes.

In India, when we framed our Constitution on the model of the U.S. federal system of government, and based also on the British system, we left out of account the fact that the Senators of U.S.A. are directly elected. Two Senators are elected from each State. There are 50 States now, and so 100 Senators. It is a very tough

[Shri P. R. Chakraverti]

job to be elected Senator, and it is far more important, at least ten times more than a Congressman. So, because of this importance, the Senator today can claim to represent the voice of the people. He is an elected parliamentarian, and he commands enormous respect and has enormous responsibility. But what about this poor show of the House here which is called the other place as Mr. Kamath says?

As I told the British parliamentary committee, an M.P. in India, *i.e.*, a Member of this House, represents one million people, while in England, it is only 85,000 of the population, that elect a M.P. which is less than the number of people represented by an M.L.A. here. So, in India, when we are elected from a constituency which has more than 800,000 to a million people, the importance attached to the representatives who are sitting in this House should be taken into serious consideration, when these administrative responsibilities are vested in certain persons.

I was rather pained to find that when in this august House of 505 representatives of Indian people there are eminent persons, who have wide learning and other attainments of merits, other persons, who have not been elected, who have no constituency, should be put in a responsible position. Whenever a Member of Rajya Sabha is confronted with any problem, he says, "Go to the M.P., go to the M.L.A.". All the same he claims to represent a State. Which State? The whole of the State. The Senator in the USA represents a State because he is elected from the State by adult franchise, but not in India. Here they are only elected by indirect election, and if somebody is favoured, by State leadership he may find a chance. So, why should administrative responsibility be handed over to them, denying the responsibility to the House which is really a representative institution? As such, I feel that it goes against the fundamental principles of our people's rights, and the upper house as it is constituted today cannot claim to be attaining the same importance as we find in other places of the world.

I do not take into account this hereditary, this archaic system of Britain. When I had occasion to speak before the British parliamentary group, I said, "You have the system of hereditary peers, we are not going to accept it. We have adopted another system. "Yet it is a fact that if through patronage or something else, a man can find a chance, then he comes here and takes his seat." What is the justification of having so many Ministers who are from the upper house. I feel very strongly on this point, and I lend my support to Mr. Kamath, though any times we differ.

This is a constitutional point that India's upper house should not and cannot stand comparison with other upper houses except the archaic house in England, the House of Lords, where they have hereditary peers, which we have not accepted. So, I would reitrate that the upper house cannot be said to have equal importance, as the Senate of America. If you have direct elections to the upper house I do not mind, but so long as the people are not directly elected, it should not be placed in charge of administrative responsibility.

Of course, there is the provision in the Constitution that the Ministry holds itself responsible to the Lok Sabha, the House of the People. Undoubtedly it is there, but it seldom falls to on lot, we seldom have the occasion to see whether we have any confidence in the Ministry or not. But, as it is today, the people of India must know that here are the people's representatives sitting, and it is the Lok Sabha, the House of the People which should be really in charge of the administration, holding itself accountable to the people. Wherever we go,

we say, "We represent you, and as such we are holding ourselves responsible to you; your aspirations, your ideas of growth, everything we share equally with you, and we are sharing also the responsibility with you". It is this sense of participation with the people which prompts us to see that it is really the people's House which should run the administration. As such, I am prompted to land my support, from the constitutional point of view, to Mr. Kamath, to the issues posed by him before the House, and I endorse it.

**Shri N. Dandeker (Gonda):** In supporting Mr. Kamath's Bill, let me make it quite clear at the outset that no disrespect is meant to the present Minister or to members of the Council of Ministers who belong to the other place. Nor indeed is any disrespect intended to the Members of the other place itself. What is intended is to make it quite clear that considering the mode of election of people to this House and the mode of election of persons to the other House, considering also the powers and privileges for instance taxation, fiscal measures and so on of this House and in relation to the powers and so on of the other place, there can be little doubt that the constitution of this country definitely regards, and rightly regards this House as the primary House. This is the House to which Members come as a result of periodical general elections held throughout the country, not just periodical, sectional and indirect elections of one-third of the Members, as is the case in the other House. And therefore the presumption, quite apart from the constitutional position, is that this House directly represents the public, it directly reflects public opinion, and in particular it specifically reflects every five years whatever change in public opinion there may have been in the country about the plans and the policies of Government.

The proposition which this Bill seeks to lay down in these circumstances is a perfectly simple one, namely, that in the first place, the Prime Minister shall be a Member of this House and not of the other place, and secondly that not more than one-fourth of the Council of Ministers shall be Members from the other House. In other words, there is no attempt to bar Members of the other place, from becoming members of the Council of Ministers, but the limiting proposition is this that since it is the Prime Minister who sets the tone of the whole Government and of Government policies, who is really responsible for the entire policies of the Council of Ministers, on the principle of joint and collective responsibility, presided over by the Prime Minister, he must be a Member of this House. The Prime Minister, for instance, has the right to resign collectively and by the simple act of the Prime Minister resigning, the whole Cabinet or Council of Ministers goes. It is the Prime Minister who forms the Council of Ministers; it is the Council of Ministers, therefore, and especially the Minister, who constitute the fulcrum, the operative mechanism in the whole of this Constitution. And I suggest therefore it is very proper and indeed necessary that the Prime Minister and by far the larger number of the members of the Council of Ministers ought to be Members of this House.

And the same goes as regards the Chief Ministers and the Council of Ministers of States. I do not think we ought in any manner, notwithstanding the limited ambit of powers and functions of the State Government, to belittle the importance of proper constitutional procedures, and proprieties, being followed in relation to the Constitution and the working of State Governments and State legislatures, as compared with the working of the Central Government and the Central Legislature.

There is no need, therefore, to elaborate very greatly on the proposition that, as at the Centre so also at the State level the Chief Minister should be a member of the Legislative Assembly, that is to say, of the House that is directly elected periodically, directly by the public, and that

[Shri N. Dandeker]

not more than one-fourth of the members of the Council of Ministers in a State Government should be members of the upper House there.

Without any question, therefore, I support this Bill. I am certain that this Bill should receive, and will receive, full support from all sections of the House and I am only waiting anxiously for the Hon'ble Shri Hathi to say that the Government also accepts the Bill.

**Shri C. K. Bhattacharyya** (Raiganj): Mr. Deputy-Speaker, Sir, almost on every private Members' day, for the discussion of the Bills, we get a Bill for constitutional amendment from Shri Kamath. When the Government bring in a Bill for the amendment of the Constitution, there is such a row from that side that this Government is wrecking the Constitution by amending it so many times and so repeatedly. But when my hon. friends themselves bring forward Bills for amending the Constitution, they feel no compunction about the sacrossanctness of the Constitution or its inviolability or anything.

**Shri Sham Lal Saraf** (Jammu and Kashmir): They drew some support somewhere from our policy.

**Shri C. K. Bhattacharyya:** Regarding this Bill itself, in recent years, it was Shri Rajagopalachari who set the example of a Chief Minister or a Prime Minister—Premier as he was called at that time—coming from the Upper House. Not only that; he was nominated by the Governor to the Upper House, and thereafter he became the Chief Minister. There is a precedent for this thing, such a great precedent for Dandeker as Rajaji, himself.

**Shri N. Dandeker:** If you would follow all the *other* precedents of Rajaji, in that case, I will accept your argument.

**Shri C. K. Bhattacharyya:** He was then in a regenerate state, not as he is now. Regarding the proposal that Shri Kamath has made, I do not dispute the higher authority of this House. Certainly this House has that authority, and nobody wants to make it a rule that the Prime Minister should come from the Upper House. It is only an accident to certain circumstances that it has happened so. Everybody would like to accept it as a convention, but to put it in the Constitution is to make it rigid. While I speak of the Upper House, if I remember aright, a parliamentary delegation came here from the Netherlands, and had a meeting with our Prime Minister, the late Pandit Jawaharlal Nehru. They raised the question whether the existence of the Upper House was necessary at all. The report, as it appeared in the press, was that the Prime Minister smiled and said, "It is there; it will not be there when its utility ceases." So, nobody wants now to make it sacrosanct, that the Upper House will have a certain number of members in the Ministry or that the Prime Minister should be from the Upper House periodically or for a certain definite time when it becomes necessary.

But Shri Kamath should realise and I believe that he does realise that this time we are in a difficulty because the two Prime Ministers died very close to each other and it was a time at which we had to choose the Prime Minister, when elections were not possible. The Election Commission itself had declared that there will be no by-elections. In those times, we had to choose our Prime Minister, in that way, and I believe our present Prime Minister would have been the first person to put herself in an election if it was open to her to do so.

I would suggest to Shri Kamath to withdraw his Bill and not try to encumber the Constitution with a proposition which it is not necessary to put in there.

**श्री मधु लिमये** : उपाध्यक्ष महोदय, कामथ साहब ने जो विधेयक हमारे सामने रखा है, उसकी मैं त दिल से ताईद करता हूं। इस लिये कि जिस दिन इस सभा का सत्र प्रारम्भ हुआ और प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी पहले दिन सदन के सामने आई, तो उसी दिन आपको याद होगा कि मैंने एक व्यवस्था का प्रश्न उठाया था, दो चीजों को ले कर, एक यह कि हमारे संविधान में कहा गया है और कामथ साहब ने अपने विधेयक में उन्हीं धाराओं का उल्लेख किया है कि "हिन्दुस्तान की सरकार (केन्द्रीय सरकार) की जिम्मेदारी रहेगी, दायित्व रहेगा, हमारी जो यह लोक सभा है उसके प्रति" यह धारा 75(3) है—

> "The Council of Ministers shall be collectively responsible to the House of the People."

और उसी तरह से 75(1) में कहा गया है कि "मंत्री मण्डल का प्रमुख प्रधान मंत्री होगा।" अब जिस सरकार का दायित्व लोक सभा की ओर है और उस लोक सभा में इस मंत्रि मंण्डल का प्रमुख नहीं है तो मेरा यह कहना है कि मंत्री मण्डल बिना दिमागवाला, बिना मस्तिष्क वाला (हेड) है और वह बैध नहीं हो सकता है। इस जिये मैं यह कहूंगा कि यहां पर जो हमारा संविधान है, उस से बात बिल्कुल साफ है कि प्रधान मंत्री हो या मुख्य मंत्री हो, उसका लोक सभा और विधान सभा में रहना अनिवार्य है।

हम लोग हमेशा बात करते हैं अंग्रेजों की परम्पराओं की, संकेतों की, तो हमें यह देखना चाहिये कि इंगलिस्तान में यह सिद्धांत माना गया है कि हमेशा प्रधान मंत्री हाउस आफ कामन्स से ही होना चाहिये। यह कैसे पैदा हुआ और कैसे प्रस्थापित हुआ? मेरा ख्याल है कि पहले दिन जो चर्चा हुई थी, मैं उस में उपस्थित नहीं था, लेकिन मेरा ख्याल है कि कामथ साहब ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया था कि इंगलिस्तान में लार्ड साल्सबरी के बाद कोई भी प्रधान मंत्री हाउस आफ लार्डज से नहीं हुआ। अब 1937 की यह जेनिंग्ज साहब की किताब है, जेनिंग्ज साहब एक बड़े संविधान के, कांस्टीट्यूशन के विद्वान और पंडित थे। उन्होंने यह कहा था कि यह संकेत तो है लेकिन यह कोई नियम या सिद्धांत नहीं हुआ है। वे उस पुस्तक के छठे पृष्ठ पर लिखते हैं——

> "Again, the fact that the King asked Mr. Baldwin and not Lord Curzon to form a government in 1922 does not of itself imply that the King must never in future appoint a peer as Prime Minister."

यह बात उन्होंने 1937 में लिखी, लेकिन मैं निवेदन करना चाहता हूं कि लार्ड साल्सबरी के बाद इंगलिस्तान के किसी भी राजा की या रानी की यह जुरंत नहीं हुई कि किसी हाउस आफ लार्डज के सदस्य को वह प्रधान-मंत्री नियुक्त करे। तो 1937 तक जिसको केवल संकेत माना जाता था, प्रस्तावित सिद्धान्त नहीं माना जाता था, उसके बाद ऐसी घटना हुई कि अब ब्रिटेन में इस के बारे में कोई बहस ही नहीं हो सकती। लार्ड साल्सबरी के बाद दो दफा यह मामला आया। 1922 का मैंने जिक्र किया, उस वक्त कन्जरवेटिव पार्टी के सब से बड़े नेता, बुद्धिमान नेता, योग्य नेता, लायक नेता लार्ड करजन साहब थे, जो हिन्दुस्तान के वायसराय भी रह चुके थे। सभी लोग यह मानते थे कि उन्हीं को वहां के राजा बुलायेंगे मंत्री मण्डल बनाने के लिये। लार्ड साल्सबरी के बाद इंगलैण्ड में कुछ ऐसी घटनायें हो गई कानून बने और हाउस आफ लार्डस की ताकत दिन प्रति दिन घटती गई और खास कर के जब इंगलैण्ड में उदारवादी हुकूमत थी तो हाउस आफ लार्डस के अधिकारों को कम करने का विधेयक पेश होने के बाद स्थिति बदल गई और इसी लिये 1922 में राजा ने कर्जन

[श्री मधु लिमये]

साहब को नहीं बुलाया जो हाउस ग्राफ लार्डज में थे, बल्कि उन्होंने वालडविन साहब को बुलाया जो वहां की लोक सभा (हाउस ग्राफ कामन्स) के सदस्य थे।

उसके बाद फिर एक दफा यह सवाल खड़ा हुआ। 1937 तक तो जैनिंग साहब कहते हैं कि संकेत है लेकिन नियम नहीं है, प्रस्थापित सिद्धान्त नहीं है। लेकिन 1940 में जब चैम्बरलेन साहब ने इस्तीफा दिया। वह स्वयं चाहते थे कि हैलीफैक्स इंगलैण्ड के प्रधान मंत्री चुने जायें। लेकिन खुद लार्ड हैलीफैक्स ने साफ साफ चैम्बरलेन ग्रौर टोरी पार्टी के ग्रन्य नेताग्रों से कहा कि चूंकि मैं हाउस ग्राफ लार्डज में हूं, इस वास्ते मेरा इंगलैण्ड का प्रधान मंत्री बनना सर्वथा ग्रनुचित होगा। इसलिए उन्होंने चैम्बरलेन साहब से कहा कि हो सकता है कि ग्राप चचिल साहब से नाराज हों लेकिन चूंकि चचिल साहब हाउस ग्राफ कामन्स में हैं इस वास्ते उन्हीं को नेता चुनना चाहिये। ग्रौर राजा को ग्रापको सलाह देनी चाहिये कि वह चर्चिल साहब को मंत्रिमण्डल बनाने के लिए बुलायें न कि हैलीफैक्स साहब को। यह जब 1940 में हुग्रा। उसके बाद जैनिंग साहब जैसे लोग भी यह महसूस करने लग गए कि ग्रब इंगलैण्ड में यह जो संकेत या परम्परा है यह इतनी प्रस्थापित हो गई है, इतनी दृढ़ हो गई है कि ग्राइंदा इस में कोई परिवर्तन नहीं हो सकेगा।

पालियामेंट के ऊपर इन्होंने जो किताब लिखी है उस में वह खुद जो नई स्थिति इंगलैण्ड में पैदा हो गई है उसके बारे में लिखते हैं कि प्रधान मंत्री का क्या ग्रधिकार ग्रौर क्या काम होता है। वह पृष्ठ 79 में यह कहते हैं :—

"He (Prime Minister) leads the House, behind the Speaker and in company with the Leader of the Opposition, to listen to the Queen's speech which probably he drafted in the House of Lords."

16.02 hrs.

[SHRI SHAM LAL SARAF *in the Chair*]

यानी प्रधान मंत्री हाउस ग्राफ कामन्स का होता है, इसलिए उसको ग्रधिकार होगा कि सभापति के पीछे पीछे हाउस ग्राफ लार्ड्स में कामन्स को लेकर जाते हैं।

**सभापति महोदय** : ग्रब ग्राप एक मिनट में खत्म करें।

**श्री मधु लिमये** : दो तीन मिनट तो दीजिए एक मिनट में क्या होगा।

**सभापति महोदय** : बात यह है कि पांच बजे से पहले इसको खत्म करना है।

**श्री मधु लिमये** : मैं जल्दी खत्म कर देता हूं।

ग्रागे वह कहते हैं :

"He proposes the election or re-election of the Speaker and moves a vote of thanks when the Speaker, retires."

ग्रगला वाक्य बहुत महत्वपूर्ण है।

"In short, when the House speaks as a corporate body he speaks, on its behalf."

ग्रर्थात वह पूरे सदन की ग्रोर से बोलता है। लेकिन यहां पर चूंकि राज्य सभा की सदस्य प्रधान मंत्री बन गई हैं, इस सदन की ग्रोर से जो प्रधान मंत्री को बोलना चाहिये, वह यहां पर नहीं हो रहा है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यहां पर शास्त्री जी की मृत्यु के बाद जिस तरह से ग्रौर ऐसे प्रधान मंत्री का चयन किया गया है जोकि राज्य सभा की सदस्य हैं, वह बहुत ही गलत हुग्रा है। इस वास्ते उनको इस्तीफा देना चाहिये था राज्य सभा से जैसे कि संविधान में है, छः महीने तक कभी भी वह लोक सभा का चुनाव लड़ सकती थीं ग्रगर हार जीत जातीं तो वह प्रधान मंत्री के नाते ग्रागे चल सकती थीं।

एक और बात मैं कहना चाहता हूं। इंगलैण्ड में हाउस आफ कामन्स की प्रतिष्ठा, उसके अधिकार इतने मजबूत होते चले जा रहे हैं कि जब मैकमिलन साहब की हुकूमत थी सात आठ साल पहले और सैलविन लाइड उन दिनों वहां के विदेश मंत्री थी, जब वह हट गए तो लार्ड ह्यूम को मैकमिलन साहब ने विदेश मंत्री नियुक्त किया। उस वक्त इंगलैण्ड की लोक सभा में विरोधी दल ने बड़ा हल्ला किया था और कहा था कि इंगलैण्ड में अब तक यह संकेत प्रस्थापित हुआ है कि प्रधान मंत्री लोक सभा से होना चाहिए लेकिन उसके साथ साथ अब यह संकेत प्रस्थापित होना चाहिये कि विदेश मंत्री जैसा महत्वपूर्ण मंत्री भी हाउस आफ कामन्ज़ का हो।

मैंने इन सारे तथ्यों का इसलिए जिक्र किया है कि इंग्लैंड में कोई लिखित संविधान नहीं है, ऐसा नहीं लिखा है कि दायित्व हाउस आफ कामंज़ के प्रति होना चाहिये जैसा कि हमारे संविधान की धारा 75 में लिखा है, उसके बावजूद भी वहां यह परम्परा बन गई है कि जो जनता द्वारा चुना गया हो वही प्रधान मंत्री बन सकता है। हमारे यहां तो लिखित संविधान है। इस लिए मैं निवेदन करता हूं कि कामत साहब के विधेयक की यह सदन पुष्टि करे और इसको पास करे। अगर यह बिल पास नहीं होता है तो कम से कम प्रधान मंत्री स्वयं राज्य सभा से इस्तीफा दे कर लोक सभा का चुनाव लड़ें और एक नई परम्परा कायम करें।

**Mr. Chairman:** How much time does the hon. Minister want?

**The Minister of State in the Ministry of Home Affairs and Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Hathi):** About 15 minutes.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** By your leave, Sir, may I make a humble request that, as the House has evinced so much interest in the Bill, if my hon. colleague, Shri A. T. Sarma, whose Bill is next on the list, will agree, if enough time is given to him, say five minutes, to move the Bill, at about five minutes to six o'clock....

**Shri A. T. Sarma** (Chatrapur): If I do not get a chance, the Bill will be dropped.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** Automatically your Bill goes to the next session.

**Shri A. T. Sarma:** In case time is extended, I may be permitted to move my Bill first.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** I am making a suggestion—if it is acceptable to the House—that as more Members want to speak on this Bill, looking to the importance of the Bill time may be extended I leave it to the House.

**Shri A. T. Sarma:** Let me move my Bill.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** More and then continue in the next session.

**Mr. Chairman:** Shri Shree Narayan Das. I would request hon. Members to speak for five minutes only now so that we are able to cover even more speakers.

**Shri D. C. Sharma** (Gurdaspur): How long will it go on?

**श्री श्रीनारायण दास** (दरभंगा) : सभापति महोदय, माननीय कामत जी ने जो विधेयक इस सदन में विचारार्थ प्रस्तुत किया है उसके सिद्धान्त से मैं समझता हूं कि

[श्री श्रीनारायण दास]

इस सदन के सभी माननीय सदस्य सहमत होंगे । मैं भी इसका समर्थन करता हूं ।

इसके सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि लोक सभा भारतीय संसद का एक मुख्य अंग है । राज्य सभा का जैसा संगठन है, उसको आप देखें । राज्य सभा के सदस्य जनता के प्रतिनिधि नहीं हैं । राज्य सभा के सदस्य राज्यों के प्रतिनिधि हैं . . . . .

**श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी** (केन्द्रपाड़ा) वह रिहैबिलिटेशन चेम्बर है ।

**श्री श्रीनारायण दास** : राज्य सभा के सदस्य संविधान के मुताबिक लोगों द्वारा, जनता द्वारा चुने गये सदस्य नहीं हैं । वे वहां राज्यों के प्रतिनिधियों के रूप में हैं । इसलिए यह मुनासिब है कि देश के संचालन के लिए, राज्य संचालन के लिए जो मंत्री मंडल कायम किया जाए और मंत्री मंडल में मुख्यत: प्रधान मंत्री जो हो, तो लोक सभा के किसी सदस्य को ही होना चाहिये ।

हमारे माननीय सदस्य ने कहा है इस बिल में कि एक सीमित संख्या राज्य सभा के सदस्यों की मंत्रीमंडल में रहे, उससे अधिक न रहे । इस बात का ज़िक्र संविधान में नहीं किया गया है । लेकिन मैं समझता हूं कि संविधान बनाने वालों का आशय यह था कि हमेशा प्रधान मंत्री तो कम से कम लोक सभा का ही सदस्य होगा । इस बार ऐसा संयोग हुआ है कि अभी हमारी जो प्रधान मंत्राणी जी हैं वह राज्य सभा की सदस्य हैं । इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि संविधान के अधीन कोई भी सदस्य, कोई भी व्यक्ति मंत्रीमंडल का सदस्य बन सकता है लेकिन उसको दोनों सदनों में से किसी एक सदन का छः महीने में सदस्य बनना होता है और छः महीने तक वह बिना सदस्य बने मंत्री रह सकता है । लेकिन क्या प्रधान मंत्री छः महीने तक बिना किसी सदन का सदस्य बने, लोक सभा या राज्य सभा का सदस्य बने प्रधान मंत्री रह सकता है या नहीं मैं समझता हूं कि यह संविधान में स्पष्ट नहीं किया गया है

**श्री हरि विष्णु कामत** : उसका एमेंडमेंड नहीं हो रहा है । वह बहाल रहेगा ।

**श्री श्रीनारायण दास** : तब ठीक है । अगर संविधान में इस बात का कोई निषेध नहीं किया गया है तो जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने पिछली बैठक में भी और अभी भी इस बात का समर्थन किया है कि लोक सभा का सदस्य ही प्रधान मंत्री हिन्दुस्तान का बने, उसका मैं भी समर्थन करता हूं । अगर किसी समय में ऐसी आवश्यकता आ पड़े कि ऐसे व्यक्ति को प्रधान मंत्री बनाना पड़े जो कि लोक सभा का सदस्य नहीं तो छः महीने तक तो वह बिना सदस्य बने हुए इस पद पर रह सकता है । मगर कामत जी के मत का मैं पूरा समर्थन करता हूं कि यह जरूरी नहीं है कि इसके लिए संविधान में संशोधन किया जाए बल्कि देश में ऐसी परम्परा चलाई जा सकती है और उसका समर्थन किया जा सकता है । माननीय सदस्यों का मत है और मैं समझता हूं कि सरकार भी इस बात से सहमत है कि लोक सभा का ही सदस्य प्रधान मंत्री बने ।

हमारे कामत साहब ने अपने विधेयक में यह भी दिया है कि जितने मंत्री गण होंगे उन में से अधिक से अधिक एक चौथाई राज्य सभा के हो सकते हैं । इसी तरह से विधान सभाओं के लिए भी उन्होंने दिया है कि मंत्रिमंडल की जितनी भी तादाद हो उसके अधिक से अधिक एक चौथाई विधान परिषदों से होनी चाहिये । मैं समझता हूं कि यह नया विषय है । मैं इस बात के महत्व को समझता हूं और इस बारे में कहना चाहता

हूं कि मंत्रियों की संख्या जिस रफ्तार से बढ़ रही है इस देश में उसको रोकने की कोशिश जरूर होनी चाहिये । लेकिन इस विधेयक में इस बात का कोई जिक्र नहीं है । मैं तो समझता था कि लोक सभा में जितनी सदस्यों की संख्या होती है उसके मुताबिक निश्चित प्रतिशत में मंत्रिगण हों, लेकिन जिस रफ्तार से मंत्रियों की तादाद बढ़ रही है वह स्वस्थ राजनीति का लक्षण नहीं है । इसलिये इस बात का भी निर्णय होना चाहिये कि मंत्रियों की संख्या अधिक से अधिक कितनी होगी और कम से कम कितनी होगी । लेकिन चूंकि इस विधेयक में यह रखा गया है कि राज्य सभा के अधिक से अधिक एक चौथाई और विधान परिषदों के भी अधिक से अधिक एक चौथाई मंत्री क्रमशः केन्द्रीय तथा राज्य मंत्रिमंडल में होंगे, मैं कहना चाहता हूं कि यह नया विषय है और इस पर विचार करने की आवश्यकता है ।

जहां तक प्रधान मंत्री का सवाल है, प्रधान मंत्री हर हालत में लोक सभा का सदस्य होना चाहिये । हमारा देश प्रजातांत्रिक है और यही इसकी परम्परा होनी चाहिये । इसके लिये यदि आवश्यक हो तो संविधान का संशोधन किया जाये ।

**श्री बड़े** (खारगांन) : श्री कामत ने जो बिल पेश किया है मैं उसका समर्थन करता हूं, और समर्थन करते हुए मैं श्री कामत से विनती करूंगा कि वह दूसरा विधेयक ऐसा लावें कि राज्य सभा जो है उसको ही खत्म किया जाये, क्योंकि आज राज्य सभा या अपर हाउसेज अनाथालय से हो गये हैं । यह जो राजनीतिक पार्टी के अनाथ लोग हैं उनके लिये हो गये हैं ।

**सभापति महोदय** : मैं माननीय सदस्य से कहूंगा कि हमारे शब्द अच्छे होने चाहियें । बड़े शानदार होने चाहियें । मैं पालियामेन्टरी नहीं कह रहा हूं, मैं कह रहा हूं कि शानदार होने चाहियें ।

**श्री मधु लिमये** : ठीक ही बोल रहे हैं ।

**श्री चन्द्रमणिलाल चौधरी** (महुआ) : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है । मेरे दोस्त बड़े बुजुर्ग है, मैं उनकी काफी इज्जत करता हूं . . .

**श्री मधु लिमये** : नियम संख्या बताइए ।

**सभापति महोदय** : आप पहले अपना प्वाइंट आफ आर्डर बतलाइये ।

**श्री चन्द्रमणिलाल चौधरी** : मैं बतला रहा हूं । अगर इस तरह से करेंगे तो हम भी करेंगे । हम आप से हंगामा करने में कम नहीं हैं । लेकिन हमारे ऊपर एक कमान्डर है, हम उस से गाइड होते हैं ।

**सभापति महोदय** : आर्डर, आर्डर । आप बैठ जाइये । जब भी कोई प्वाइंट आफ आर्डर उठाना हो, आप को उसको उठाने का हक है । लेकिन तकरीर नहीं करनी चाहिये । आप क्या कहना चाहते हैं यह बतलाइये । मैं चाहता हूं कि यहां बडे आर्डरली तरीके से कार्यवाई हो ।

**श्री चन्द्रमणिलाल चौधरी** : मैं आप का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूं कि अनाथाश्रम शब्द जो है वह किस तरह का है । हम लोगों में अपर चैम्बर और लोअर चैम्बर दोनों के मेम्बर हैं । इस तरह के शब्द कहना हाउस का अपमान है । इससे शर्मनाक बात और नहीं हो सकती । जब उनकी पार्टी के मेम्बर भी हैं राज्य सभा में और विधान परिषदों में तो यह हिन्दुस्तान जैसी डेमोक्रैसी में शर्म की बात मालूम पड़ती है ।

**सभापति महोदय** : यह कोई प्वाइंट ग्राफ ग्रार्डर नहीं है । लेकिन मैं बहुत हद तक सहमत हूं माननीय सदस्य से कि हमें डिकोरम और डिग्निटी को कायम रखने के लिये शानदार लफ्ज इस्तेमाल करने चाहियें और श्री बड़े ऐसा कर सकते हैं ।

**श्री बड़े** : मैं पुरजोर शब्दों में कहना चाहता हूं कि मैं उनकी कोई इन्सल्ट नहीं करना चाहता था । क्या परिस्थिति ग्राज है मैं केवल वही बतलाना चाहता था ।

**श्री शिव नारायण** (बांसी) : ग्रटल बिहारी वाजपेयी से कह दो कि वह इस्तीफा दे दें ।

**श्री बड़े** : इस संशोधन विधेयक के बारे में माननीय सदस्य ने कहा कि कांग्रेस तब संविधान में संशोधन करने की बात कहती है जब विरोधी दल के लोग हल्ला मचाते हैं । लेकिन कांग्रेस ने 19 दफे संविधान का संशोधन किया है । हम संविधान में संशोधन इसलिये लाते हैं कि संविधान का मिसयूज होता है । ऐसी ही परिस्थिति में संविधान में संशोधन करने की कोशिश की जाती है । जब उसका मिसयूज होता है और जनता में उसके विरुद्ध ग्रसन्तोष होता है, उस पर टीका टिप्पणी होती है तब हमारा कर्तव्य हो जाता है कि हम पालियामेन्ट के सामने ग्रायें और कहें कि संविधान में यह दोष है और उसका मिसयूज किया गया है ।

प्रथम दिवस एक ग्रापत्ति उठाई थी मेरे मित्र श्री मधु लिमये ने कि सदन में लीडर ग्राफ दि हाउस कहां बैठें और प्राइम मिनिस्टर कहां बैठें । प्राइम मिनिस्टर को पहली सीट पर बिठलाया गया । इस की चर्चा होने के बाद स्पीकर ने रूलिंग दे दी । इसका मतलब यह है कि लोगों के मन में शंका है कि लीडर ग्राफ दि हाउस को फ्रंट सीट पर पहली जगह बैठना चाहिये या दूसरी जगह बैठना चाहिये ।

दूसरी बात यह है कि हाउस ग्राफ लार्ड्स नाम की जो संस्था है जिसमें पियर्स और बैरन्स ग्रथवा जागीरदार लोग बैठते हैं । उन लोगों के हाथ से साधारण जनता ने सत्ता ग्रपने हाथ में ले ली इसलिये हाउस ग्राफ लार्ड्स को गोबर गणेश जैसा बना कर के रख दिया और सारी सत्ता हाउस ग्राफ कामन्स में ले लिया । ग्रपने यहां कोई ऐसे पिग्रर्स और बैरन्स नहीं थे जिनके लिये हाउस ग्राफ लार्ड्स जैसी संस्था होनी चाहिये । मैं तो कहता हूं कि जब ग्राप ने ग्रपने यहां ऐडल्ट फ्रैन्चाइज का नियम बनाया है तो जहां पर भी एलेक्टेड मेम्बर ग्रायेंगे वहीं के लोग जनता का प्रतिनिधित्व करेंगे । यह एक साधारण सा प्रिंसिपल है । इसके बारे में किसी को बड़ी बड़ी किताबें लिख कर बतलाने की जरूरत नहीं है न मार्ग दिखलाने की जरूरत है । ग्रपने यहां का ग्रलाहदा इतिहास है । हमारे पास एक बैकग्राउंड है । उस बैकग्राउंड में यह है कि जनता ने ब्रिटिश सत्ता को यहां से हटाने के बाद सत्ता ग्रपने हाथ में ले ली । जनता के जो प्रतिनिधि यहां पर ग्राये हैं उनके हाथ में सत्ता होनी चाहिये । इसलिये प्राइम मिनिस्टर भी इसी हाउस का होना चाहिये । साथ ही साथ मिनिस्टर भी इसी हाउस के होने चाहियें ।

ग्राज सीलिंग का युग है । इसलिये मंत्रियों की संख्या पर भी सीलिंग की जरूरत है । इसी बात को देखते हुए यहां पर एक चौथाई की सीलिंग लगाई हुई है । मैं इससे सहमत नहीं हूं । मैं तो कहना चाहता हूं कि श्री कामत ने डरते डरते एक चौथाई की सीलिंग रखी है । चूंकि यह सीलिंग का युग है इसलिये उन्होंने सोचा कि कांग्रेस के जितने भी मेम्बर्स हैं वह इस से खुश होंगे । मैं कहना चाहता हूं कि एक चौथाई सीलिंग भी नहीं होनी चाहिये ।

तीसरी बात यह है कि जो बैकडोर एंट्री है वह बहुत खराब बात है । हाउस ग्राफ लार्ड्स या ग्रपर हाउस या राज्य सभा के

मेम्बर हो कर लोग यहां आयें और आ कर प्राइम मिनिस्टर हो जायें, इस को ही बैकडोर एंटी जनता कहती है । इसलिये बैकडोर एंट्री होना ठीक नहीं है । पीछे के दरवाजे से आ कर फिर प्राइम मिनिस्टर हो जाना, इसको जनता में कोई विशेष अच्छा नहीं समझता । इस वास्ते मैं समझता हूं कि जिस तरह से हाउस आफ कामन्स में जनता का प्रतिनिधित्व है उसी तरह से यहां पर भी जो प्राइम मिनिस्टर हो वह इसी हाउस का होना चाहिये । इसके सम्बन्ध में मुझे कोई आपत्ति नहीं है । जो भी राज्य सभा का मेम्बर होता है वह स्टेट्स से चुन कर आता है । वहां की जो रूलिंग पार्टी होती है वह उस को चुनती है और चुने जाने के बाद वह राज्य सभा का मेम्बर हो जाता है ।

**सभापति महोदय** : माननीय सदस्य अब खत्म करें।

**श्री बड़े** : अगर आप मेरे भाषण से ऊब गये हों तो मैं खत्म कर देता हूं ।

**सभापति महोदय** : मैं ने आप से कहा था कि आप पांच मिनट बोलें । बहुत से लोग बोलने वाले हैं । आप ने तो काफी कह दिया है ।

**श्री बड़े** : मैं अपनी पार्टी की तरफ से बोल रहा हूं । संविधान का संशोधन कई दफे कांग्रेस पार्टी ने कराया, वह कह दिया । प्रथम दिवस जो आपत्ति उठी उसे बतला दिया, हाउस आफ लार्डस से कम्पेअर करना ठीक नहीं है, यह कह दिया, बैकडोर एंट्री ठीक नहीं, यह भी बतला दिया । पांच मिनट में यह चार पांच बातें मैं एक एक मिनट में बतलाने वाला था । लेकिन अब उन के ऊपर थोड़ा सा और कहना चाहता था ।

अन्त में इतना ही कह देता हूं कि मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

**श्री रा० स० तिवारी** (खजुराहो) : सभापति महोदय, मैं कामत जी के प्रस्ताव का आंशिक समर्थन करता हूं । बाकी तीन चौथाई उसका विरोध करता हूं क्योंकि जिस समय यह विधान हमारा बन रहा था, सभापति महोदय, उस समय मैं भी उसमें था । जब यह विधान बनाया गया तो इस विधान के बनाने के लिए हमने सारे राष्ट्रों के विधानों को मंगाया और उनकी जो अच्छी से अच्छी धारायें हमारे सामने थीं वह धारायें हमने इसमें रखीं । अभी एक सज्जन बड़े साहब कह रहे थे कि यह यतीमखाना है या क्या है ? तो मैं कहना चाहता हूं कि अगर यह कांग्रेस वालों के लिए यतीमखाना है तो आपके भी दो तीन सदस्य उसमें हैं । उसमें कोई अन्तर नहीं पड़ता ।

**सभापति महोदय** : मैंने माननीय सदस्यों से अभी कहा कि यहां जो कुछ भी बहस हो वह शानदार होनी चाहिए ।

**श्री रा० स० तिवारी** : मेरे कहने का मतलब यह है कि अभी कामत साहब यह भी कह सकते हैं कि पार्लियामेंट में माइनारिटी के तीन चार आदमी जो राष्ट्रपति नामजद करते हैं वह भी नहीं रहने चाहिए । एक प्रश्न यह आयेगा । लेकिन भारत की परिस्थिति के अनुसार विधान बनाया गया था । भारत की परिस्थिति ऐसी थी कि माइनारिटी को आप अब भी वोट से नहीं ले सकते, तो माइनारिटी का ध्यान रखना है तो नामजद करना ही होगा । इसी प्रकार से अगर आपको देश की परिस्थिति के अनुसार चुनाव करना है तो परिस्थिति के अनुसार यह संविधान हमारा सही है और यही होना चाहिए । दूसरा हो नहीं सकता । इसलिए मैं आपसे निवेदन करता हूं कि जो आप संशोधन चाहते हैं उसको उठा लीजिए, इससे कोई लाभ नहीं है ।

**श्री काशीराम गुप्त** (अलवर): सभापति महोदय, मैं श्री कामत के बिल का पूर्ण रूप से समर्थन करता हूं । जब श्री मधु लिमये अपना

[श्री काशी राम गुप्त]

भाषण दे रहे थे और वह अंग्रेजों के कन्वेन्शन का उदाहरण दे रहे थे तो मैं समझ नहीं पा रहा था कि उनको यह क्यों करना पड़ रहा है। किन्तु अब मुझे जानकारी मिली कि उनका मत है कि चूंकि कांग्रेस का दिमाग अंग्रेज़ों का दिमाग है इसलिए उस दिमाग को समझाने के लिए उनको उसका सहारा लेना पड़ा। किन्तु मैं तो कांग्रेस के दिमाग में कांग्रेस का ही सहारा दूंगा और यह ध्यान दिलाऊंगा कि सन् 57 के चुनाव के लगभग कांग्रेस की प्रबन्धकारिणी ने यह निश्चय किया था कि प्राइम मिनिस्टर का तो क्या सवाल है जो कैबिनेट मिनिस्टर होंगे वह भी राज्य-सभा के नहीं होंगे। और यह लगभग 57 के समय हुआ था। उस के बाद आहिस्ता आहिस्ता यह खिसकने लगे और उसका यह नतीजा हुआ कि इनको प्रधान मंत्री को भी राज्य-सभा से लेना पड़ा। यही इस बात को जाहिर करता है कि कामत साहब का बिल परम् आवश्यक है और सामयिक है। अध्यक्ष जी, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मैंने इन्दिरा जी को पहले उस समय भी सुना जब वह अध्यक्ष थीं कांग्रेस की और उन्होंने उस अध्यक्ष होने के नाते मेरे यहां अलवर में एक भाषण दिया था जिसमें यह कहा था कि यदि उनको यह सब महसूस होगा कि वह कांग्रेस के उसूलों के ऊपर अपना असर नहीं डाल सकतीं तो इस्तीफा दे देंगी। लेकिन मुझे आश्चर्य हुआ अब और दूसरी बात यह कि जब हमारे प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू का निधन हुआ तो पहली बार चर्चा हुई कि कौन प्रधान मंत्री बने और कौन चुनाव के लिए खड़ा हो और उस समय चुनाव के लिए खड़े होने की सहमति उन्होंने नहीं दी अन्यथा बहुत से कांग्रेस के सदस्यों का मत था कि वह चुनाव लड़ें। किन्तु फिर विजयलक्ष्मी जी को मैदान में आना पड़ा और उन्होंने चुनाव लड़ा। तो जिस समय प्रधान मंत्री का चुनाव हुआ तो मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ कि किस प्रकार इन्दिरा जी ने उसे कबूल किया और उसके बाद जो हरकतें हुई, उसके बारे में क्या मैं कहूं? जो सूबेदारों को बुलाया गया, मुख्य मंत्रियों को और उन के ज़रिये से चुनाव कराया गया वह बहुत ही हास्यास्पद है। इसलिए सब बातों को देखते हुए यह बहुत आवश्यक हो गया है कि इसको कानूनी जामा पहनाया जाय। जो साथी कहते हैं कि कानूनी जामा नहीं पहनाना चाहिए, उनको मालूम होना चाहिए कि कानून बनता तभी है जब हमारा काम कन्वेन्शन से नहीं चलता, आचार संहिता को नहीं माना जाता, गिरावट की बात आ जाती है। और अगर ऐसा नहीं किया जाता तो कल को यह होगा कि क्रान्ति आयेगी और राज्य-सभा को समाप्त किया जायगा। फिर जब यह राज्य सभा समाप्त होगी तब यह बात होगी। इसलिए इसको ठीक रखना है, अपनी परम्पराओं पर चलना है, उन परम्पराओं पर चलना है जो कांग्रेस की परम्परायें थीं जिस कांग्रेस में कृपलानी जी थे और बड़े बड़े महात्मा लोग थे, तो उनको यह चाहिए कि जैसे शानदार बातों को हम करना चाहते हैं, सभापति महोदय ऐसा कह रहे थे कि शानदार भाषण दो, मैं तो यह कहूंगा कि शानदार भाषण ही नहीं शानदार काम करना चाहिए और वह काम तभी हो सकता है जब कि कामत साहब के बिल को मान लें। मैं हाथी साहब से निवेदन करूंगा कि इस बिल को मान लिया जाय। हो सकता है उसमें आपको कठिनाई हो तो उसको आप दूसरे रूप में लाइए ताकि हमारे देश का मस्तक ऊंचा हो और हमारा प्रधान मंत्री जो भी बनें वह इस सदन का सदस्य हो। यही मुझे निवेदन करना था।

**Shri Inder J. Malhotra** (Jammu and Kashmir): I half-heartedly support Shri Kamath's Bill because I agree with him in principle, but do not agree with some of the things he has suggested. I do not think any of us who has got any little thing to do with political life or public affairs would at any time challenge the principle of his Bill that the Prime Minister of a democratic country should

belong to the House of the People. I agree with this aspect of his Bill: But I was a little pained to listen to the remarks made by some hon. Members regarding the election of the personality of our present Prime Minister, Shrimati Indira Gandhi.

Shri Bade characterised it as backdoor entry. This was not really justified on his part, to give this impression in this House, because the impression he gives here would be carried outside.

**Shri Bade**: It is already there outside.

**श्री मधु लिमये** : और बैंक डोर क्या होता है ?

**सभापति महोदय** : उनको भाषण देने दें ।

**श्री मधु लिमये** : अध्यक्ष महोदय, उसके बिना क्या मजा आयेगा ? बैक डोर एन्ट्री क्या होती है जरा समझायें ।

**सभापति महोदय** : मेरी एक प्रार्थना है कि जब कोई भी साहब बोलें तो उसे अटेंटिवली सुनें । रनिंग कमेंट्री न करें । हां कभी थोड़ा बहुत इन्टरप्शन हो तो वह ठीक है लेकिन इस तरह की रनिंग कमेंटी ठीक नहीं है ।

**Shri Inder J. Malhotra**: I feel that to make out of the way references and remarks of this kind and giving such impression that the present Prime Minister is rather shy of fighting election to the Lok Sabha is not at all proper. It rather pained me to hear such an impression being given to this House.

**Shri Hari Vishnu Kamath**: I did not say that.

**Shri Inder J. Malhotra**: Shri Bade gave that impression.

As far as the personality of Shrimati Indira Gandhi is concerned, she is well known all over the country and even outside. She has been for a very long number of years a national leader of this country. It is just a matter of coincidence that when she was called upon by the party, the nation and the country to hold this office of Prime Minister, she happened to be a Member of the Rajya Sabha.

I was rather educated to hear from Shri Gupta that Shrimati Indira Gandhi after Pandit Nehru's death was asked by the Congress Party to fight the election to the Lok Sabha but she refused. I do not think any such thing happened in the Congress Party at that time.

I would only make an appeal to hon. Members. While we agree in principle that the Prime Minister of the country should always belong to the House of the People, we should be rather careful in making out of the way remarks and references, which are absolutely unjustified, concerning the personality of the Prime Minister.

One more point to which I would like to draw the attention of the hon. Minister and the hon. Mover, When the Mover suggests that one-fourth of the Council of Ministers should...

**Shri Hari Vishnu Kamath**: Not more than one-fourth should belong to the other House. If it is zero, I will be happy.

**Shri Inder J. Malhotra**: As far as the number of the Council of Ministers is concerned, I feel this should entirely be left to the judgment of the Leader of the House, the Prime Minister, and the Chief Ministers, because it is really not possible in a developing country like India to fix the number of Ministers like that. After every span of time, the administrative work goes on increasing, and naturally with the increase of administrative work, more Ministers will be required.

[Shri Inder J. Malhotra]

In the end, I would like my hon. friend, the Minister of State of Home Affairs, Shri Hathi, to convey this to the Leader of the House and the Prime Minister, that while appointing the ministers, this should be taken into consideration that such persons are put in charge of such departments of which they have at least a little knowledge, because then they will be in a better position to discharge their duties.

**श्री सिंहासन सिंह** (गोरखपुर): सभापति महोदय, श्री हरि विष्णु कामत के इस संशोधन विधेयक का जहां तक सम्बन्ध है मैं उसमें निहित भावना का समर्थन करता हूं । यह विधेयक अगर सरकार मान भी ले तो भी यह शायद पास नहीं होगा क्योंकि इसके पास होने के लिये संविधान के आधार पर सदन के दो तिहाई मेम्बर्स मौजूद होने चाहिएं और उन्हें वोट देना चाहिए तभी कोई संविधान (संशोधन) विधेयक पारित हो सकता है इसलिए अगर सरकार इसे मान भी ले तो भी आज दो तिहाई तो है नहीं इसलिए यह पास होने वाला नहीं है लेकिन सरकार से मैं अनुरोध करूंगा कि जो भाव इस बिल के अन्दर है उसकी मान्यता होनी चाहिए ।

यह विषय उठा ही क्यों ? अगर उनके प्रधान मंत्री चुने जाने के बाद आपतकाल की स्थिति न होती, चुनाव होते और चुनाव हो कर वह आ गयी होतीं तो शायद इस बिल की नौबत ही नहीं आती । मगर चूंकि आपतकालीन स्थिति थी, इमरजैंसी लगी थी और उसके अन्दर चुनाव नहीं हो रहे थे और पाकिस्तान के साथ लड़ाई चल रही थी इसलिए उनके चुनाव की नौबत नहीं आई । लेकिन अब मैं समझता हूं कि आपतकालीन स्थिति इमरजैंसी आप उठा रहे हैं बोरडर्स को छोड़ कर तो शायद यह चुनाव करने में दिक्कत नहीं होगी । लेकिन जो इस वक्त मूल आधार है कि हमेशा प्रधान मंत्री जो हो वह इस सभा का हो और जहां तक यह एक चौथाई या आधे का सवाल है वह भी एक उपयुक्त मसला है और मैं समझता हूं कि अपर हाउस के मेम्बर को और खास करके बाहर से मेम्बर लाकर उनको कैबिनेट मंत्री या अन्य मंत्री बनाना फिर अपर हाउस में चुनवा देना यह बात भी शायद लोकतंत्र के खिलाफ है । एक तो मंत्री बना देना पहले ठीक नहीं और फिर राज्य सभा के मेम्बर बनाये रखना यह भी लोकतन्त्रात्मक नहीं है ।

श्री सी० के० भट्टाचार्य ने एक उदाहरण दिया मद्रास का । वहां पर मुख्य मंत्री बनाये गये थे श्री राजगोपालाचार्य नौमिनेट करके तो वह एक गलत प्रथा ही थी और उसके बाद हमारे उत्तर प्रदेश में ऐसी गलत प्रथा हुई जब श्री चन्द्रभानु गुप्त मुख्य मंत्री बनाये गये नौमिनेट करके । बाद को वह चुने गये । इसलिए यह गलत प्रथायें कभी उदाहरण नहीं हो सकतीं । अगर इस विधेयक की भावना को सरकार मान लेंवें तो शायद यह गलत प्रथाएं नहीं रहेंगी चाहे अमेंडमेंट हो या न हो । हमने अपना संविधान लिखित रक्खा है और हमने यह प्रथा रक्खी है कि जहां कहीं भी हमारा संविधान चुप हो मौन हो तो हम इंग्लैंड की प्रचलित प्रथा को फौलो करेंगे । अब इंग्लैंड में यह प्रथा प्रचलित हो चुकी है कि प्रधान मंत्री हाउस ऑफ़ कामन्स का होगा । वहां पर लिखित नहीं है लेकिन यह उनका एक कन्वेंशन चला आ रहा है ।

हमारे यहां उस दिन यह मसला पेश था मधु लिमये साहब का इसी आधार पर कि जो राज्य सभा का हो वह प्रधान मंत्री नहीं हो सकता है । प्रधान मंत्री को लोक सभा का मैंबर होना चाहिए । हमारे स्पीकर को मजबूरन यह कहना पड़ा और यह व्यवस्था देनी पड़ी कि चूंकि हमारे संविधान में ऐसी रोक नहीं है इसलिए दोनों हो सकते हैं । यह व्यवस्था आपकी दी हुई है । यहां पर है

यह मामला इसलिए आया कि संविधान में हमारी त्रुटि रही क्योंकि संविधान बनाते हुए शायद उस समय हमारे संविधान निर्माताओं ने सोचा हो कि उस परम्परा को हम भी मानेंगे कि हमेशा प्रधान मंत्री लोकसभा का ही होगा। विधान में लिखित रूप में यह व्यवस्था नहीं होगी लेकिन इस स्वस्थ परम्परा का हमारे द्वारा पालन किया जायगा। लोकसभा हर तरीके से बजट के लिए सरकार को रुपया पैसा मंजूर करने का अधिकार रखती है और मंत्रिमंडल लोकसभा के प्रति जिम्मेदार होता है। अगर राज्यसभा मे कोई प्रस्ताव सरकार के खिलाफ़ पास भी हो जाय, कोई सरकार का बिल फेल भी हो जाय तो सरकार उसके लिए इस्तीफा देने को बाध्य नहीं है लेकिन अगर वही चीज यहां लोक सभा में हो जाय तो वह सरकार कायम नहीं रह सकती है। मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि एक चौथाई लोग हैं कैबिनेट मिनिस्टर्स में शायद जो कि राज्य सभा के मेम्बर्स हैं। 8 मिनिस्टर्स वहां के हैं। आज लोगों में जो इसको लेकर एक चर्चा चल पड़ी है वह ठीक नहीं है और हमें देखना चाहिए कि लोग ऐसा न समझें कि हम लोकतंत्रीय व्यवस्थाओं का पालन नहीं कर रहे हैं। यहां सदन में इस बिल के ऊपर चारों ओर से जो सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किये हैं सब ने किसी न किसी रूप से इसका समर्थन किया है और किसी ने इसके अन्दर निहित भावना का विरोध नहीं किया है। जो भी हो लोग इसके समर्थन में बोले हैं उनका अभिप्राय: किसी व्यक्ति पर कोई आक्षेप करना नहीं है क्योंकि सभी ने चाहा है कि एक स्वस्थ लोकतंत्रीय परम्परा का हमारे द्वारा पालन किया जाना चाहिए। अगर उसूल सही है तो व्यक्ति हमेशा अच्छा काम करेंगे।

इन शब्दों के साथ मैं इस संशोधन विधेयक के लाने वाले मित्र से अनुरोध करूंगा कि वह अपने इस बिल को वापस ले लेवें। सदन की राय आम तौर पर मालूम हो गई है और मैं चाहूंगा कि उसी भावना के अनुरूप हाथी साहब अपने विचार रक्खें ताकि आयन्दा अगर आवश्यकता पड़े तो सरकार इस प्रकार का अमेंडमेंट ले आवे।

**Mr. Chairman:** May I know how many minutes the on. Mover will take?

**Shri Hari Vishnu Kamath**: About 15 minutes only.

**Mr. Chairman:** Ten minutes.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** 10 to 13 minutes. The time may be extended up to 5.30. Half a minute will do for my hon. friend Shri A. T. Sarma to move his motion in respect of the next Bill.

**Mr. Chairman:** Shri Kripalani.

